


# Important Current Affairs 6th September 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 6th September 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 6th September 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 6th September 2017 in Hindi

- **BSNL, कोरियंट के बीच 5G, IoT के लिए अनुबंध**
    - BSNL ने भारत में 5G और इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स लाने के लिए, US-आधारित नेटवर्किंग सोल्यूशंस प्रोवाइडर कोरियंट के साथ एक समझौता किया है|
    - नेटवर्क स्थापना एवं 5G, IoT, और मोबाइल एज कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने वाली सेवाओं में नवाचार की नींव रखने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए|
    - 5G, वर्तमान 4G/IMT-उन्नत मानकों से आगे प्रस्तावित अगले दूरसंचार मानक हैं|
- **कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप**
    - भारत, कॉमनवेल्थ (यूथ, जूनियर और सीनियर) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के 2019 संस्करण की मेजबानी करेगा|
    - कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के कार्यकारी बोर्ड ने गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बैठक में प्रतियोगिताओं के 2019 संस्करण की मेजबानी भारत को देने का निर्णय लिया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- टूर्नामेंट का वर्तमान संस्करण ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में आयोजित किया जा रहा है|

- **'टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया' की एम्बेसडर**
  - ऑस्ट्रेलिया ने भारतीयों को ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के लिए प्रोत्साहित करने के लक्ष्य से परिणीति चोपड़ा को पहली भारतीय महिला एम्बेसडर बनाया है|
  - परिणिति को,'ऑस्ट्रेलिया को बढ़ावा देने' में योगदान के लिए ऑस्ट्रेलिया के कौंसुल जनरल टोनी ह्यूबर द्वारा 'फ्रेंड ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया' की मान्यता दी गई|
  - 2016 में, भारत, ऑस्ट्रलिया में भ्रमण करने वालो की संख्या के अनुसार 9वे स्थान पर था और कुल आगंतुक खर्च वाला 10वां सबसे बड़ा बाजार था|

- **जस्टर बने भारत में अमेरिकी दूत**
  - राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने केनेथ जस्टर को भारत का अगला अमेरिकी राजदूत नामित किया है|
  - उन्होंने बुश प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका संबंधों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ऐतिहासिक भारत-अमेरिकी असैनिक परमाणु समझौते के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे|
  - उनके नाम की पुष्टि हो जाने पर वे भारत में शीर्ष अमेरिकी राजनयिक रिचर्ड वर्मा का स्थान लेंगे|

- **वीजा द्वारा शुरू किया गया 'भारतQR'**
  - करीब 59 सेवा प्रदाताओं को 'भारतQR के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाने के लिए, 'डिजिटल पेमेंट नेटवर्क वीजा ने पेमेंट गेटवे इकाई बिलडेस्क के साथ भागीदारी की है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- यह साझेदारी, विशेषकर QR कोड के माध्यम से डिजिटल भुगतान को प्रेरित करने के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगी|
- कुछ व्यापारियों में टाटा AIG, रिलायंस एनर्जी, गुजरात गैस, MTNL, एयरसेल, टाटा पावर इत्यादि शामिल हैं|

- **धूप, पानी से ईंधन**
  - वैज्ञानिकों ने एक कृत्रिम पत्ता विकसित किया है जो सूर्य के प्रकाश को अवशोषित कर पानी से हाइड्रोजन ईंधन उत्पन्न कर सकता है|
  - यन्त्र में प्राकृतिक पत्ता प्रणाली का अनुकरण करने के लिए अर्धचालक लगे हैं|
  - जब अर्धचालक पर प्रकाश पड़ता है, तो इलेक्ट्रान 1 दिशा में विद्युत प्रवाह चालू करते हैं| करंट लगभग तुरंत पानी को ईंधन के सबसे स्वच्छ स्वरुप, हाइड्रोजन में विभाजित करता है|

- **CBDT ने किए 4 एडवांस प्राइसिंग एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर**
  - केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने दूरसंचार, बैंकिंग, विनिर्माण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित 4 अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौतों में प्रवेश किया है|
  - इन 4 समझौतों में से, 3 एकतरफा हैं और एक द्विपक्षीय है| द्विपक्षीय APA, एक भारतीय कंपनी और एक ब्रिटेन आधारित कंपनी के बीच अंतरराष्ट्रीय लेनदेन के लिए है|
  - इन 4 समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ, CBDT द्वारा दर्ज APA की कुल संख्या 175 हो गयी है|

- **आधार नामांकन केंद्र के बिना बैंक**
  - UIDAI ने बैंकों को निर्धारित 10% शाखाओं में, एक महीने के अन्दर आधार नामांकन केंद्र खोलने के आदेश दिए हैं|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- 30 सितंबर के बाद प्रति खुली शाखा पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा|
- देश में 1,20,000 बैंक शाखाएं हैं और इस कदम के साथ, उन शाखाओं में 12,000 आधार नामांकन और अद्यतन केंद्र स्थापित किये जायेंगे|

- **गुजरात सरकार ने ब्लू व्हेल गेम पर लगायी रोक**
  - गुजरात सरकार ने राज्य में ब्लू व्हेल चैलेंज गेम के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है|
  - गुजरात सरकार ने विभिन्न विभागों को अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं ताकि आत्महत्याओं को रोका जा सके|
  - ब्लू व्हेल चैलेंज कथित तौर पर एक आत्महत्या का खेल है जिसमें खिलाड़ियों को 50 दिनों की अवधि में पूरा करने के लिए कुछ कार्य दिए जाते हैं और अंतिम कार्य उन्हें आत्महत्या की ओर ले जाता है|
- **सुल्तान अहमद का निधन**
  - पश्चिम बंगाल के उलबेरीया निर्वाचन क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद, सुल्तान अहमद का हृदयाघात के बाद निधन हो गया|
  - अहमद UPA-2 में पर्यटन राज्य मंत्री थे|
  - तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से पहले वे एंटली से दो बार कांग्रेसी विधायक रहे| वे 2009 से मोहम्मद स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष थे|
- **फ्रांस लगाएगा तेल और गैस उत्पादन पर प्रतिबंध**
  - फ्रांस सरकार अपनी मुख्य भूमि और विदेशी क्षेत्रों पर 2040 तक तेल और प्राकृतिक गैस के सभी उत्पादन और अन्वेषण पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून का अनावरण कर रही है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- यह रोक देश की अर्थव्यवस्था को जीवाश्म ईंधन से मुक्त करने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, फ्रांस की प्रतिबद्धता को पूरा करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है|
- फ्रांस के तेल एवं गैस खपत का केवल 1% राष्ट्र में उत्पादित होता है, शेष आयात किया जाता है|

- **असम सरकार ने की DBT सेल की स्थापना**
  - असम सरकार ने देश में सभी योजनाओं में DBT के कार्यान्वयन के लिए एक डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर सेल की स्थापना की है|
  - असम के मुख्य सचिव इसके अध्यक्ष और वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव इसके संयोजक होंगे|
  - यह सेल, केंद्रीय मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा और राज्यों में संबंधित विभागों के निर्देशों का प्रसार करेगा|
- **भारत और म्यांमार के बीच 11 समझौते**
  - भारत और म्यांमार ने लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और अपनी बहुपक्षीय साझेदारी के निर्माण सहित कई क्षेत्रों में 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए|
  - प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की राज्य सलाहकार आंग सान सु की, के साथ व्यापक वार्ता के बाद समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए|
  - 2017-2020 की अवधि के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए|
- **अंकुर मित्तल को रजत**
  - भारतीय शूटर अंकुर मित्तल ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) वर्ल्ड शॉटगन चैम्पियनशिप के डबल ट्रैप इवेंट में रजत पदक जीता|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- ○ मित्तल, 68 अंक बनाकर स्वर्ण जीतने वाले फ़ोकिव के बाद 66 अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे|
- ○ वे पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए, क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष 150 में से 145 के स्कोर के साथ शीर्ष पर पहुंच गए|

- **प्रसिद्ध पत्रकार गौरी लंकेश की गोली मार कर हत्या**
  - ○ प्रसिद्ध पत्रकार और कार्यकर्ता गौरी लंकेश को बेंगलुरु में उनके राजराजेश्वरी नगर स्थित निवास में गोली मार दी गई|
  - ○ गौरी लंकेश, अपने पिता और प्रसिद्ध लेखक पी. लंकेश द्वारा स्थापित लोकप्रिय कन्नड़ टेबलायड 'लंकेश पत्रिके' की संपादक थीं|
  - ○ गौरी लंकेश नक्सलियों को सुधारने में सहायता करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाए गए एक पैनल का भी हिस्सा थीं|
- **क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से धन-अर्जन**
  - ○ चीन ने व्यक्तियों और संगठनों पर प्रारंभिक कॉइन ऑफ़रिंग या डिजिटल मुद्राओं की शुरूआत के माध्यम से धन जुटाने पर रोक लगा दी है|
  - ○ ICO डिजिटल मुद्रा उद्यमियों के लिए एक बोनान्जा बन गया है, जिससे उन्हें बिना विनियामक निरीक्षण के डिजिटल "टोकन" बना कर और बेच कर बड़ी रकम एकत्र करने की अनुमति मिल जाती है|
  - ○ ICO के माध्यम से कुल 2.32 अरब डॉलर अर्जित किये गए हैं|
- **राष्ट्रीय पोषण रणनीति**
  - ○ निति आयोग ने 'कुपोषण मुक्त भारत' के लिए राष्ट्रीय पोषण रणनीति शुरू की है|
  - ○ इसका उदेश्य पोषण को राष्ट्रीय विकास एजेंडा के केंद्र स्तर पर लाना है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

  - इस फ्रेमवर्क में 'स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत' से जुड़े 'कुपोषण मुक्त भारत' की परिकल्पना की गई है|
  - यह राज्यों को पोषण संबंधी परिणामों के उत्तरदायित्व के साथ, विकेन्द्रीकृत योजना और स्थानीय नवप्रवर्तन के माध्यम से रणनीतिक विकल्प बनाने में सक्षम करता है|

- **SAUNI योजना की आधारशिला**
  - राष्ट्रपति कोविंद ने राजकोट में 'सौराष्ट्र नर्मदा अवतरण सिंचाई योजना' के लिंक IV की दूसरी पाइपलाइन नहर की आधारशिला रखी|
  - इस परियोजना का उदेश्य, नर्मदा नदी के जल को सूखे सौराष्ट क्षेत्र के जलाशय तक लाना है|
  - SAUNI को, नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध से बह रहे बाढ़ के पानी को सूखे क्षेत्रों के 115 बांधों में भरने के उद्देश्य से शुरू किया गया था|

- **स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया गर्भ निरोधकों का शुभारंभ**
  - स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दो नए गर्भ निरोधकों की शुरुआत की है| जिसमें 'अंतरा' कार्यक्रम के तहत एक गर्भनिरोधक इंजेक्शन MPA और सार्वजनिक स्वस्थ्य प्रणाली के तहत गर्भनिरोधक गोली 'छाया' शामिल हैं|
  - ये गर्भ निरोधक सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी हैं, 'अंतरा' इंजेक्शन 3 महीने और 'छाया' गोली 1 सप्ताह के लिए प्रभावी है|
  - गर्भनिरोधक अब तक 10 राज्यों में शुरू किए गए हैं|

- **TMB के नए MD और CEO**
  - के. वी. राम मूर्ति ने 'तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक' के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी का प्रभार ग्रहण किया है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- उन्होंने एच. एस. उपेंद्र कामथ का स्थान लिया, जिनका तीन वर्षीय कार्यकाल जुलाई 2017 में समाप्त हुआ|
- मूर्ति को तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है|
- TMB से जुड़ने से पहले, वे यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक थे और उन्होंने एक संक्षिप्त अवधि के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के ED के रूप में भी कार्य किया|

## Attempt Current Affair Quiz for 5th September 2017

testbook



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play